तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 22 मार्च 2024




सिलीबहार के राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा में सेहत ... 12



लोकसभा के प्रत्येक बूथ की मजबूती से ही 370 का ... 12



# बिना रायल्टी रेत का परिवहन, दो हाईवा व एक ट्रैक्टर जब्त कर किया थाना के सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

चारामा से गुजरने वाली महानदी के किनारे ग्राम पंचायत और ठेकेदार को स्वीकृत खदानों से रेत परिवहन करने वाले कई हाईवा के चालक दबंगई दिखाते हुए बिना रायल्टी के रेत का परिवहन करते है। खनिज विभाग की टीम ने विगत चार दिनों में दो हाईवा व एक ट्रैक्टर को बिना रायल्टी के पकड़ा और जप्ती बनाकर चारामा थाना में सुपुर्दगी में रखा गया। जप्त वाहनों पर कार्यवाही हुए पांच दिन हो गए, इस कार्यवाही के बाद बिना रायल्टी की रेत परिवहन करने वालों में हडकंप मच गया।

जानकारी के अनुसार दो हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलवाय 9355 और हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 08 एयू 5509 बिना रायल्टी के परिवहन के दौरान चारामा नाका में हाईवा को पकड़ा गया। इन दोनो वाहनों की जानकारी खनिज अधिकारी को दिया गया और उनके निर्देश पर दोनो हाईवा को जप्ती पत्रक बनाकर चारामा थाना में सुपुर्द में दिया गया। इसके उपरांत एक ट्रैक्टर जो बिना रायल्टी के रेत ले जा रहा था, उस पर भी कार्यवाही की गई।

इस कार्यवाही के बाद बिना रायल्टी के रेत परिवहन करने वालों में हडकंप मच गया। पकड़ाई गई हाईवा वाहन के मालिक कार्यवाही के अगले दिन स्वंय नाका में बैठकर उस मार्ग से गुजरने वाले रेत के वाहनों की रायल्टी को चेक करते रहे और जाँच का यह सिलसिला सायं 4 बजे तक चलता रहा।

## बिना रायल्टी पटाए रेत परिवहन पर कार्रवाई से मचा हड़कंप

### नाका में अनाधिकृत व्यक्ति

हाईवा मालिक किस अधिकारी से नाका में बैठकर रायल्टी चेक किया, इसकी शिकायत बहुत जल्द किया जा सकता है। विभाग के अधिकारी इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेते है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। नाका में अनाधिकृत व्यक्ति बैठकर वाहनों की जो जाँच कर रहे है, यह कितना गैर कानूनी है, इसकी जानकारी के लिए विभाग के उच्च अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो सका। रायल्टी के बिना रेत का परिवहन करने वाली एक हाईवा बालोद जिला के ग्राम कन्नेवाड़ा निवासी घनाराम डड़सेना पिता स्व. व्यासनारायण डड़सेना और दूसरा हाईवा वाहन मालिक राजनांदगांव निवासी अंकित अग्रवाल की है।





### नियमानुसार कार्यवाही की गई

जिला खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा से इस विषय पर हरिभूमि ने जानने का प्रयास किया तो बताया कि दो हाईवा और एक रेत बिना रायल्टी के अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया है, उनको नियमानुसार कार्यवाही किया गया।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत पद्दापारा कराठी के पास 12 नवंबर की रात 11 बजें आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएन 2064 के चालक साल्हे निवासी 22 कुशल कुमार ठाकुर पिता धनाजीराम ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वाहन से नियंत्रण खो बैठा। वाहन समेत आरोपी जमीन में गिर गया व गंभीर रूप से घायल हो गया। ईलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर में ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने परीक्षण कर बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### प्राणघाती हमला से अधेड़ की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम चिचगांव निवासी 54 वर्षीय मोहन नरेटी पिता बैदूराम नरेटी का अज्ञात व्यक्ति ने 19 मार्च की रात लगभग 10 हत्या कर दिया। मृतक के बेटे ने पुलिस को बताया कि 19 मार्च को मृतक खेत लाड़ी के घर में थे। तभी रात करीबन 10 बजें अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से गला व सिर में प्राणाघातक हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शराब कोचियों को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत बाजारपारा जेपरा निवासी 41 वर्षीय चंद्रप्रकाश पिता तुलाराम के कब्जे से पुलिस ने 20 मार्च को दोपहर करीबन सवा 2 बजें 10 नग देशी मदिरा प्लेन कीमती 800 रूपएं और नगद 110 रूपएं को जप्त किया। चारामा थानांतर्गत ग्राम कसावाही निवासी रोमनाथ सिंहा पिता स्व. जसाराम के कब्जे से पुलिस ने 20 मार्च को दोपहर पौने 1 बजें ढाई लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा। खालेपारा निवासी तुकेश्वर कवाची पिता फुलचंद कवाची ▸▸| शेष पेज 10 पर

**अपराध :** वन विभाग दिखाया हैसला अमले आरोपियों को दबोचा

# जंगली सुअर के शिकार मामले में 8 आरोपियों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 50, 51, 52 के तहत दर्ज किया मामला
- नरहरपुर क्षेत्र में जंगली सुअर का शिकार करने का पहली बार मामला आया सामने



परिक्षेत्र नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम मारवाड़ी के आरोपी जंगली सुअर का शिकार किया था। वन विभाग को खबर मिलते ही वन विभाग की टीम ने आरोपियों के पास से अवशेष को जप्त किया और पूछताछ में शिकार करना स्वीकार करने पर वन विभाग ने प्रकरण को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहाँ आरोपियों को न्यायायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया। जंगली सुअर का शिकार करके पकाकर खाने का मामला नरहरपुर परिक्षेत्र में पहली बार दर्ज हुआ है।

वन विभाग के उच्च अधिकारियों को मुखबिर से जानकारी मिली कि नरहरपुर परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मारवाड़ी और अन्य गाँव के युवकों ने 18 मार्च को जंगली सुअर का शिकार करके मटन को पकाकर खाए है। वन विभाग के उच्च अधिकारियों ने खबर मिलते ही नरहरपुर परिक्षेत्र की टीम को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। नरहरपुर की टीम 19 मार्च को पहुँचकर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। संदिग्धों ने वन विभाग की टीम को बताया कि 18 मार्च सोमवार को नरहरपुर विकासखंड के ग्राम मारवाड़ी से लगे वन विकास निगम के वन क्षेत्र में वन्य प्राणी जंगली सुअर का अवैध शिकार सरोज मण्डावी निवासी करियापहर एवं अन्य साथियों के द्वारा किया गया था, जिसे रात्रि में ही 11 बजे मुनेश यादव, नन्दलाल यादव एवं अरूण मण्डावी के द्वारा ग्राम मर्रामपानी को पास डबरी में ले जाकर जंगली सुअर को काटकर आपस में बांटकर मांस को पकाकर खा लिया था। वन विभाग की टीम ने 19 मार्च को सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके द्वारा बताए गए स्थान से वन्य प्राणी सुअर का अवशेष एवं वन्यप्राणी को मारने में उपयुक्त सामाग्री को जप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 14777/20 दिनांक 19 मार्च वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 50, 51, 52 दर्ज किया गया।

दर्ज प्रकरण के तहत नरहरपुर विकासखंड के ग्राम मारवाड़ी निवासी 6, एक-एक आरोपी करियापरहर निवासी और भजनाहालारी निवासी आरोपी को उक्त धाराओं के तहत 20 मार्च को गिरफ्तार किया गया और उनके द्वारा बताए गए स्थल से जंगली सुअर के अवशेष को जप्त किया गया। सभी आरोपियों ▸▸| शेष पेज 10 पर

### शिकार करने में शामिल आरोपी

नरहरपुर परिक्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी शंकर दास ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि जंगली सुअर का शिकार करने में 8 आरोपियों ग्राम मारवाड़ी निवासी 29 वर्षीय मुनेश पिता बीरबल, 22 वर्षीय अनुज पिता ईश्वर, 35 वर्षीय अरूण पिता राजकुमार, 27 वर्षीय घुनेश पिता बीरबल, 22 वर्षीय शिवकुमार पिता श्यामलाल, 40 वर्षीय नन्दलाल पिता मंगल, करियापहर निवासी 40 वर्षीय सरोज पिता राजूराम, ग्राम भजनाहालारी निवासी 24 वर्षीय प्रहलाद पिता नवल को उनके गाँव से ही गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड में 20 मार्च को जेल भेजा गया।

# नौकरी के नाम पर चार लाख की ठगी, आरोपी जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत पीड़िता को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर सवा 4 लाख की ठगी करने वाले आरोपी को भानुप्रतापपुर पुलिस ने उसके निवास कवर्धा जिला से दबोचा और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार भानुप्रताापुर थाना में शिकायत करने पहुँची संतोषीपारा भानुप्रतापपुर निवासी 38 वर्षीय सुभद्रा पदमाकर पिता स्व. एमआर पदमाकर लिखित में जानकारी दिया कि कवर्धा जिले के पोड़ी निवासी गोपेश मानिकपुरी ने कहा कि मेरा स्वास्थ्य विभाग में अच्छा संबंध है और वैकेंसी निकला है, अपने पहचान के माध्यम से नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर 1 जून 2019 से 30 मई 2020 तक के मध्य प्रार्थियां से कुल रकम 2 लाख 20 हजार रूपएं लेकर नौकरी लगाने का प्रभोलन देकर धोखाधड़ी किया है। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर थाना भानुप्रतापपुर में अपराध क्रमांक134/2023 धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईके ऐलिसेला, एएसपी प्रशिक्षु आईपीएस संदीप पटेल, एसडीओपी प्रशांत कुमार सिह पैकरा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित पदमशाली ने थाने की टीम को तैयार कर एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर लगातार दबिश देकर पतासाजी किया गया और आरोपी को कवर्धा के थाना बोड़ला के ग्राम पोड़ी से आरोपी 38 वर्षीय गोपेश कुमार मानिकपुरी पिता हंस राम मानिकपुरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड में पेश किया गया, जहाँ से आरोपी को जेल भेजा गया। कार्यवाही के दौरान उपनिरीक्षक कीर्तुराम दीवान, प्रधान आरक्षक विजय कटकवार, आरक्षक जितेन्द्र ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

# शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने निकाला गया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात कांकेर पुलिस ने फ्लैग मार्च 21 मार्च को निकाला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से निकले फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर के नेतृत्व में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गिरिजा शंकर साव, एसडीओपी पुलिस मोहसिन खान, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी अविनाश ठाकुर, एसडीएम अरुण वर्मा, तहसीलदार सुरेश राय, नायब तहसीलदार विकास जैन सहित 200 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल हुए। कांकेर पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए जिले में विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट लगातार वाहनों की सघन जांच की जा रही है। अपराधिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अपराधी प्रवृति लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का अभियान भी जारी है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 21 मार्च को पुलिस उप महानिरीक्षक केएल ध्रुव एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण ऐलिसेला के निर्देशन में जिला कांकेर के सभी थाना क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक गण, थाना प्रभारी गण, रक्षित निरीक्षक एवं यातायात प्रभारी एवं अन्य पुलिस बल द्वारा शांति व सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला ▸▸| शेष पेज 10 पर

# आचार संहिता के छठवें दिन तक हटाए गए 4941 पोस्टर एवं बैनर

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है और आचार संहिता के छठवें दिन निजी सम्पति अंतर्गत 366 दीवार लेखन, 196 पोस्टर, 152 बैनर और 01 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई हैं।

संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही करने वाले अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर, पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिए थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति से 1026 दीवार लेखन, 01 हजार 359 पोस्टर, 974 बैनर और 867 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। इसके अलावा निजी सम्पति अंतर्गत 366 दीवार लेखन, 196 पोस्टर, 152 बैनर और 01 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई हैं। इस प्रकार अब तक सार्वजनिक स्थलों से कुल 4 हजार 226 तथा निजी स्थलों से 715 सहित यानी कुल 04 हजार 941 पोस्टर-बैनर हटाए जा चुके हैं। इस तरह की कार्यवाही लगातार जिलेभर में चलती रहेगी।



# मतदान जागरूकता के लिए महिलाओं ने बनाई श्रंखला, चित्रकला स्पर्धा हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं ने ली मतदान की शपथ





जिले में स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। हाटकर्रा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा लोकसभा में मतदान के प्रति जागरूक करने शपथ दिलाई गई और विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर तथा स्वीप के नोडल अधिकारी व जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में 21 मार्च को विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम हाटकर्रा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसी तरह नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर्स के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्थानीय बालिका छात्रावास में मतदान के महत्व पर आधारित चित्रकला प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई, जिसमें अनेक ऐसे युवक व युवती सम्मिलित हुए, जो लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। हाटकर्रा के गाँव के लोगो ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा कि लोकसभा में हम लोग शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जाएंगे और हमारा यह ▸▸| शेष पेज 10 पर

### सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन की करें है शिकायत, 100 मिनट में कार्रवाई




**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी शिकायतों की त्वरित सूचना एवं समाधान के लिए मोबाइल एप्लिकेशन 'सी-विजिल' शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से कोई भी नागरिक लोकसभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की ऑनलाइन शिकायत कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस मोबाइल एप को स्मार्टफोन के प्ले-स्टोर के जरिए आसानी से इंस्टाल किया जा सकता है। सी-विजिल एप में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन संबंधी घटना का फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इस एप की मदद से आचार संहिता उल्लंघन संबंधी फोटो या 2 मिनट का वीडियो बनाकर अपलोड कर शिकायत कर सकते हैं, जिसके आधार पर निर्वाचन आयोग द्वारा शिकायत करने के 100 मिनट के अंदर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही इस मोबाइल एप में शिकायतकर्ता की पहचान बताए बिना भी शिकायत दर्ज कराने का विकल्प है। इसके अलावा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में भी दूरभाष नंबर 07868-241019 पर संपर्क कर शिकायत की जा सकती है, साथ ही निर्वाचन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं। इसके अलावा मतदाता संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता के लिये टोल फ्री ▸▸| शेष पेज 10 पर

युवाओं को सशस्त्र बल में भर्ती होने के लिए कर रहे प्रोत्साहित

# अतिसंवदेनशील इलाके में एसएसबी का कैरियर काउंसलिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंतागढ़

एसएसबी की 28 वीं वाहिनी ने सीओबी भैयासालेभाट और पादरगांव के अंतर्गत आने वाले गांव फूलपाड़, सराइपारा, टूटिनडंगरा तथा पादरगांव, कोलार, देहरीपारा, नेहरपारा के 44 युवक व युवतियों का कैरियर काउंसलिंग सत्र शुरू किया गया, जिसमें इन युवाओं को सेना, केंद्रीय सशस्त्र बलों व राज्य पुलिस बल में भर्ती के चयन की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। शारीरिक मापदंड, चिकित्सा प्रक्रिया व लिखित परीक्षा के बारे में भी जानकारी दिया गया। इसके अलावा युवाओं को इस सत्र में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



जिले के अति दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवक व युवतियों द्वारा सीओबी भाईयासालेभाट व पादरगाँव के सहायक कमांडेंट से आग्रह किया गया था की उन्हें भविष्य में कैरियर काउंसलिंग के तौर पर प्रतियोगी परीक्षाओं व केंद्रीय बलों में भर्ती होने की जानकारी दिया जाए। सीओबी के अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में इस विषय को लाया गया और उसके उपरांत 28 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के कमांडेंट अरुण देवगम के दिशा निर्देशन में कैरियर काउंसलिंग के सत्र का शुभारंभ किया गया और उपस्थित युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सशस्त्र सीमा बल हमेशा अपने ध्येय, वाक्य, सेवा, सुरक्षा व बन्धुत्व का पालन करते हुए छत्तीसगढ़ में रावघाट रेलवे प्रोजेक्ट को सुरक्षा प्रदान करने के अलावा यहाँ के युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के प्रति भी समय समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिससे इस क्षेत्र के युवाओं को आने वाले समय में इसका लाभ मिल सके और यह युवा अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करें।

कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान उप कमांडेंट चंदराई मुरमु, डॉ. ए. लिंगा, सहायक कमांडेंट हरजीत राव, आशुतोष कुमार तथा अन्य बल कार्मिक और युवा उपस्थित रहें।

### शहीद हेमंत की पुण्यतिथि पर दी गई पुष्पांजलि



**चारामा।** पुलिस थाना चारामा के सामने शहीद हेमंत दास मानिकपुरी के चतुर्थ पुण्य तिथि मनाया गया। इस अवसर पर 21 मार्च को थाना के सामने बस स्टेण्ड के पास शहीद के मूर्ति का अनावरण किया गया। शहीद हेमंत दास मानिकपुरी की मूर्ति पर फुल माला चढ़ाया गया। जानकारी मे बता दे की 4 साल पूर्व बस्तर में पुलिस और नक्सलियो के बीच हुए मुड़भेड़ में हेमंत सहित कई जवान शहीद हो गए थे। इस कार्यक्रम में शहीद के माता पिता के साथ साथ कांकेर डीआईजी केएल ध्रुव, प्रषिक्षु डीएसपी कुलदीप बंजारे, कन्हैया सिंह ठाकुर, हीरा लाल साहु व अन्य लोग उपस्थित रहें।


पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

# 10 लाख रुपए से अधिक के संदिग्ध लेनदेन की जानकारी देंगे बैंकर्स

## कलेक्टर ने बैंक शाखा प्रबंधकों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की बैंक शाखा प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने दस लाख रुपए से अधिक के संदिग्ध लेनदेन की जानकारी नियमित रुप से प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के लिए सभी संदिग्ध लेनदेन पर नजर रखी जा रही है, जिससे कोई भी प्रत्याशी मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धनबल का उपयोग न कर सके।



### एक साथ कई खातों में राशि जमा करने पर भी रहेगी नजर

कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति विभिन्न खातों में एक साथ राशि जमा करता है, तो उसकी जानकारी भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा राशि के परिवहन के लिए निर्धारित वाहन का उपयोग करने करें। साथ ही परिवहन के लिए अधिकृत व्यक्ति को प्राधिकार पत्र जारी करने के साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय को भी सूचित किया जाए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव, आयकर अधिकारी राजेश सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक कृष्णा सिंकु सहित बैंक प्रबंधक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ढाबे से 3.930 लीटर अवैध शराब जब्त



**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण, विक्री, संग्रहण, परिवहन के रोकथाम के क्रम में कार्रवाई की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी अलेख राम सिदार के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब निर्माण, विक्री, संग्रहण, परिवहन के विरूद्ध अभियान चला कर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत 19 मार्च को बहीगांव के दिलदार ढाबा में कार्रवाई के दौरान 3.930 बल्क लीटर विदेशी शराब को आरोपी हेमराज कचलाम पिता मगंउराम कचलाम के पास प्राप्त होने पर जब्त करते हुए छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (ख) एवं 34 (2) के तहत प्रकरण कायम कर मामला विवेचना में लिया गया है। जब्त अवैध शराब का कुल बाजार मूल्य 2300 रुपए आंका गया है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मोरजध्वज साहू, सुरेश कुमार, आबकारी मुख्य आरक्षक शांतिदेवी साहू, आबकारी आरक्षक धनीराम कुलदीप, कैलाश प्रसाद पाण्डे, नंदकिशोर बघेल एवं वाहन चालक गजेन्द्र कोर्राम उपस्थित रहे।

दूरभाष नम्बर हुआ जारी – आबकारी विभाग कोण्डागांव द्वारा अवैध शराब संबंधी शिकायत की सूचना प्रदान करने हेतु दूरभाष नंबर– 077862–42481 जारी किया गया है। उक्त नंबर पर 24 घण्टे अवैध शराब संबंधी सूचना दी जा सकती है।

### मतदाता जागरुकता रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने आज गुरुवार को कलेक्टोरेट परिसर से मतदाता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ बस्तर लोकसभा क्षेत्रंतर्गत कोंडागांव विधानसभा के कोंडागांव और माकड़ी विकासखण्ड और कांकेर लोकसभा क्षेत्रंतर्गत केशकाल विधानसभा के फरसगांव, केशकाल और बड़े राजपुर विकासखण्डों में जाकर मतदाताओं को मताधिकार के उपयोग के लिए जागरुक करेगी। साथ ही बस्तर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को 19 अप्रैल और कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को 26 अप्रैल को मतदान के लिए प्रेरित करेगी। मतदाता जागरुकता रथ को रवाना करते समय संयुक्त कलेक्टर एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अजय उरांव सहित कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आयोजन: पेट्रोल पम्प संचालकों की कलेक्टर ने ली बैठक

# निर्वाचन के दौरान किसी भी उपभोक्ता को निःशुल्क पेट्रोल- डीजल नहीं दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- चुनावों के लिए सुरक्षित स्टॉक रखने के संचालकों को दिए निर्देश
- जिले में दो तिथियों 19 व 26 अप्रैल को होगा मतदान

कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला निर्वाचन की अध्यक्षता में बुधवार को सभी ऑइल कम्पनी के अनुज्ञप्तिधारक डीजल–पेट्रोल विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संपादन में डीजल एवं पेट्रोल की अतिरिक्त आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरिट एवं हाईस्पीड डीजल ऑयल नियमानुसार स्टॉक सुरक्षित रखने को दिए गए हैं। आदेश का अनुपालन करने के निर्देश बैठक में दिए गए।



### पेट्रोल पम्प के होर्डिंग्स का उपयोग मतदाता जागरुकता के लिए

कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि इसके साथ ही पेट्रोल पंपों में स्थापित होर्डिंग्स का उपयोग मतदाता जागरुकता अभियान में किया जाएगा। उन्होंने इसके साथ ही पेट्रोल पंपों में निर्वाचन के दौरान किसी भी उपभोक्ता को निःशुल्क ईंधन नहीं देने के निर्देश दिए। प्रत्याशी द्वारा मतदाताओं को आवागमन की सुविधा प्रदान करना अवैधानिक है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, तो कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में सभी पेट्रोल पंप संचालकों का सहयोग आवश्यक है।

### जिले में दो तिथियों 19 व 26 अप्रेल को होगा मतदान

कलेक्टर ने कहा कि जिले में दो तिथियों में मतदान है, जिनमें बस्तर लोकसभा क्षेत्रंतर्गत कोंडागांव और नारायणपुर विधानसभा के मतदान केन्द्रों में 19 अप्रैल को मतदान किया जाएगा, वहीं कांकेर लोकसभा क्षेत्रंतर्गत केशकाल विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। इससे पेट्रोल पंपों में भीड़ की स्थिति कम बनेगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव, प्रभारी खाद्य अधिकारी नवीन चन्द्र श्रीवास्तव, समस्त ऑइल कम्पनी के पम्प संचालक एवं उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

# कल जहां गिरी बर्फ, वहां आज दिनभर चमका सूरज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- मौसम में हो रहे परिवर्तन से लोग हैरान

बस्तर कोण्डागांव में मौसम के अचानक परिवर्तन से क्षेत्रवासी हैरान है। कल बुधवार को जहां पूरे दिन मौसम सर्द और वारिस व ठंडी हवाओं से भरा रहा और देर सांय जम कर ओले गिरे। ओले इतनी अधिक मात्र में गिरे के कई घरो के आंगन व सडकों पर सफेद चादर सी बिछी नजर आयी।

कई लोगों ने अपने आंगन गिरी वर्फ को वाल्टियों व घमेलों में भर लिया। इतने ठंडे मौसम के बाद बीती चांदनी चमकती रही और सुबह से ही धूप ने डेरा डाला जो देर सांय तक बरकरार रही। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। पर एक ओले गिरना और दूसरे दिन भी गर्म दोपहर को जानकार लोग जलवायु परिवर्तन के बडे. खतरे के रूप में देखते है। बहरहाल आज का दिन साफ सुथरा रहा। पर आने वाले 'शुक्रवार को एक बार फिर से मौसम में बदलाव के संकेत मौसम विभाग ने दिए हैं, जिससे लोग काफी बैचेनी महसूस कर रहे है। बता दें इन दिनों कोण्डागांव की वार्षिक मण्डई भी चल रही है जो कि मौसम की मार से अभी तक अपने असली रूप में नहीं आ सकी है। मौसम साफ होने से दूरदराज से व्यापार करने आए व्यापारी व मेले के शौकीनों की आस पूरी हो सके।

# उद्यान विभाग के दैवेभो कर्मियों को 6 माह से नहीं मिला मानदेय



### 18 लाख से अधिक राशि का है बकाया

उद्यान सहायक संचालक ने स्वीकार किया है कि अक्टूबर नवम्बर माह 2023 से इनको मानदेय नहीं मिल सका है, क्योकि आवंटन की राशि पर्याप्त नहीं आ रही है। जिससे यह समस्या खडी हुई है। वर्षों से विभाग का कार्य कर रहे इन लोगों के लिए तत्काल राशि मिलना जरूरी है। हम इसकी जानकारी उच्चस्तर पर लगातार देते रहे हैं।

- कर्मचारी व परिवार का मेला, होली सूना- सूना जाने की आशंका

**हरिभूमि न्यूज कोण्डागांव।** उद्यान विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 6 माह से मानदेय न मिलने से उनमें आक्रोश है। लगातार विभागीय उपेक्षा का दंश झेलने के बाद भी शासकीय कार्य तत्परता से कर रहे हैं, ।बदले में सिर्फ इतना चाहते है कि उन्हें उनका मानदेय मिल जाये जिससे भी अन्य लोगों की तरह कोण्डागांव मेला व होली का त्यौहार अपने परिवार के साथ हंसी खुशी से मना सकें ।

कोण्डागांव उद्धान विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 6 माह मानदेय नही मिला है । जिसके कारण कोण्डागांव के पारंपरिक मेला और होली का त्योहार पर इन कर्मचारियों के खुशी पर पानी फिरते नजर आ रही है । कर्मचारियों के चेहरे पर विभाग से नाराजगी स्पष्ट झलक रही है । दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ ने भी मानदेय भुगतान करने का निवेदन इनके नियोक्ता से किया है । कर्मचारियों का कहना है कि अधिकारियों के द्वारा जल्द भुगतान होने का आश्वासन दिया गया है । उद्यान विभाग के सहायक संचालक से बात करने से उनके द्वारा कहा गया कि उच्च अधिकारियों को लिखित में जल्द से जल्द आवंटन करने की मांग की है।






## लोकनर्तकों ने दिया मतदाता जागरुकता का संदेश

**हरिभूमि न्यूज कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान सभी मतदाता अपने–अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करें। इसके लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को स्थानीय एनसीसी मैदान में स्वीप लोकनृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 22 लोक नर्तक दलों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसका आनंद बड़ी संख्या में लोगों ने लिया। कोंडागांव में आयोजित फागुन मंडई में पहुंचे दूर–दराज के ग्रामीणों ने भी लिया। मनमोहक प्रस्तुति के लिए लोकनर्तक दलों को पुरस्कृत भी किया गया। जिसमें पहला पुरस्कार फरसगांव के कोटपाड़, द्वितीय पुरस्कार कोंडागांव विकासखण्ड के नुंगाली और तृतीय पुरस्कार कोंडागांव विकासखण्ड के रेंगागोंदी की लोक नर्तक कलादलों को प्रदान किया गया।

# गंगाजल लेकर सौगंध उठाना और पूर्ण नहीं करना अक्षम्य अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



गंगा हमारी सबसे बड़ी आस्था है और गंगाजल लेकर जो लोग सौगंध उठाते हैं किंतु उसे पूरा नहीं करते वह अक्षम अपराध करते हैं। ऐसे लोगों को समाज तिरस्कृत भाव से देखता है। अच्छा कार्य करें इस जीवन में हर दिन को अंतिम दिन मानकर सत्कर्म करते रहना चाहिए। कल पर भरोसा मत करो, न जाने कल तुम्हारे लिए क्या लेकर आएगा।

यह बातें श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के सातवें दिन गुरुवार को महामाया धाम पाटन से पहुंचे आचार्य कृष्ण कुमार तिवारी ने कही है। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के सातवें दिन राधारानी, तुलसी माता की महिमा तथा शंखचूर्ण दैत्य की कथा का श्रवण भक्तों ने किया। आचार्य ने कहा कि आपका घर मंदिर की तरह है। रसोई घर में मां अन्नपूर्णा का वास होता है। यहां चप्पल पहन कर प्रवेश न करें।

इसे पवित्र बनाए रखने का हर सम्भव प्रयास करें। राधारानी की कथा चुनाते हुए उन्होंने बताया कि गो लोक में राधारानी भगवान को बहुत प्रेम करती थीं, अगर कोई भगवान को निहारता तो किसी को भी श्राप दे देती थीं। एक बार सुदामा नामक गोपी ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, तो राधारानी क्रोधित हो गईं और सुदामा को ही राक्षस होने का श्राप दे दिया।

इस बात से नाराज सुदामा ने भी राधारानी को श्राप दिया कि जिस भगवान के कारण आप बात-बात में लोगों को श्राप देती हैं उससे 100 साल तक दूर रहकर वियोग सहोगी। इस श्राप के चलते ही वह धरती में वृषभान के घर जन्मी और श्रीकृष्ण वियोग सहती रही। आचार्य ने श्रोताओं को अपने व्यवहारिक जिंदगी में एकादशी व्रत रखने, नित्य गंगाजल पीने, तुलसी दल ग्रहण करने, गीता का नित्य पाठ करने तथा कम से कम 6 मिनट ईश्वर की स्तुति करने की अपील करते हुए समझाया कि जब कल का भरोसा नहीं है तो आज ही परलोक क्यों नहीं सुधार लेते।

**कालरात्रि ने किया नगर भ्रमण-** भागवत महापुराण के सातवें दिन की कथा के तुरंत बाद मां कालरात्रि की पालकी निकाली गई। गुरूवार को मां कालरात्रि की पालकी निकालने का सौभाग्य 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज को प्राप्त हुआ। यह डोली नियमानुसार सिरहासार चौक, गोल बाजार, मिताली चौक, पैलेस रोड होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर लौटी, तत्पश्चात महाआरती की गई।

**आज के अनुष्ठान-** श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के आठवें दिन शुक्रवार को मनसा देवी की कथा, रुद्राक्ष उत्पत्ति और महिमा तथा मां गायत्री महिमा का वर्णन आएगा। इसके साथ ही मां महागौरी की अष्टम पालकी नगर में निकाली जाएगी।

# 7वीं के बच्चों ने 8वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगतसिंह पूर्व माध्यमिक शाला में आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विदाई दी। प्राचार्य श्रीमती बेंजामिन ने कहा कि चींटी की तरह मेहनत एवं निरंतर गतिशील रहना चाहिए विद्यार्थियों को। इस दौरान पुरुषोत्तम पांडे, नलिन शुक्ला, उमेश प्रताप सिंह, विशाल देवांगन, यास्मीन खान, इंदिरा मर्दानी, रूप लता पांडे, इंद्राणी ठाकुर समेत विद्यार्थी व स्टाफ मौजूद रहे।

## बुजुर्गों और दिव्यांगों को मिलेगी घर से ही मतदान करने की सुविधा

# मतदान कर्मियों के साथ ही अत्यावश्यक सेवा प्रदाता भी करेंगे डाक मतपत्र का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कलेक्टर ने डाक मतपत्र जारी करने के लिए आवेदन पत्र लेने के दिए निर्देश

लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान अधिकारियों के साथ ही अत्यावश्यक सेवा प्रदान करने वाले अन्य अधिकारी–कर्मचारियों को भी डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में इसकी तैयारियों के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मतदान कार्य में लगे अधिकारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी।



इसके साथ ही निर्वाचन के दौरान विद्युतकर्मी, पुलिस कर्मी, निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहनों के वाहन चालक इत्यादि भी मतदान से वंचित न रहें। इसके लिए डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा के लिए सुविधा केन्द्र बनाए जाएंगे, जहां मतदान किया जा सकेगा। उन्होंने डाक मतपत्र से मतदान के इच्छुक इन श्रेणियों के मतदाताओं से आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर, डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी अश्वन पुसाम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग मतदाता घर से कर सकेंगे मतदान

कलेक्टर ने कहा कि इसके साथ ही 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर में ही मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए भी इच्छुक मतदाताओं का आवेदन आवश्यक है। उन्होंने चिन्हित बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से आवेदन एकत्रित करने की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पेज 9 के शेष

### शराब कोचियों को...

के कब्जे से 20 मार्च को शाम 5 बजें आरोपी के घर से 7 लीटर महुआ शराब जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। गिरहोला निवासी 30 वर्षीय थनऊ सेवता पिता सुखनाथ सेवता के कब्जे से 20 मार्च की रात पौने 9 बजें पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 18 नग देशी प्लेन शराब कीमती 1 हजार 600 रूपएं जप्त किया। आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जंगली सुअर के...

के बयान को भी दर्ज किया गया। सभी आरोपियों ने जंगली सुअर का शिकार करके पकाकर खानें की बात को स्वीकार किया है। वन विभाग की टीम को जंगली सुअर का शिकार करने का मामला इस क्षेत्र में पहली बार पकड़ में आया है। वन विभाग की टीम ने इस मामले में सभी संलिप्त आरोपियों को दबोचकर कार्यवाही किया गया।

### शांति एवं सुरक्षा ...

गया। शहर में निकाले गए फ्लैग मार्च का उद्देश्य शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना एवं आगामी होली और रमजान त्यौहार को अच्छे वातावरण, पारिवारिक माहौल मे और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाना है। जिले में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। अपराधिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अपराधी प्रवृति लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी जा रही है।

### मतदान जागरूकता...

भी प्रयास होगा कि आसपास गाँव के लोगों को भी इस लोकसभा में मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

### सी-विजिल एप पर ...

नम्बर 1950 पर कॉल करके संपर्क किया जा सकता है।



# जल ही जीवन है

## पर्यावरण सुरक्षा अपने हाथ की बात...



## जल का महत्व

पानी की आवश्यकता हर मनुष्यों को है। कहा भी गया है, जल है तो हम हैं या जल ही जीवन है। प्रकृति पर्याप्त जल प्रदान करती है ताकि मनुष्य खा सके और जीवित रह सके। हमारे पास जो कुछ भी है उससे भी ज्यादा होने का लालच रहता है। मनुष्यों ने अपने फायदे के लिए प्रकृति को परेशान करना शुरू कर दिया है।

इसलिए प्रकृति के संरक्षण और विशेष रूप से पानी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिन की आवश्यकता थी जिस पर लोगों को प्रकृति के लिए बढ़ती समस्याओं से सतर्क किया जाये और पृथ्वी पर दुनिया हर दिन प्रदूषित होती जा रही है हमें यह जानना जरुरी है कि हम प्रदूषण को कैसे कम कर सकते हैं और हमारी प्रकृति को संरक्षित करते हैं।



हेमंत ध्रुव
अध्यक्ष
जिला पंचायत कांकेर

## खुशहाली के लिए जल का संचय जरूरी

पानी आम जन की सबसे जरूरतमंद चीज है इसे सभी को बिल्कुल उपलब्ध होना चाहिए, पानी न होने से सभी का जीना मुश्किल हो जायेगा. यह विकराल समस्या है, इसे दूर करना चाहिए, बिना पानी सब सून कहावत का चरितार्थ गर्मी में होता है क्योंकि गर्मी में पानी की कमी होती है, पानी को स्टोर करके रखना चाहिए, बच्चों द्वारा पानी का खर्च कम हो इसके लिए उन्हें पानी बचाने के उपाय बताना चाहिए। महिलाएं सबसे ज्यादा पानी खर्च करती है उन्हें पानी बचाने के उपयों की जानकारी देनी चाहिए, मैं रोज प्रयास करता हूं कि ज्यादा पानी की बचत हो, पानी को संचय करने के लिए गढ़ों का निर्माण करें।



हीरा मरकाम
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
कांकेर



जिसे अब तक ना समझे वो कहानी हूं मैं, मुझे बर्बाद मत करों

**पानी** हूं मैं

"बिना जल होय नहीं, कोई सा भी काम
इसे साफ रखने हेतु उपाएं करें तमाम

अगर मिले नहीं जल तो जीवन है बेकार
इसे बचाने के लिये चलो रहे हम तैयार

सच कहें तो जल बना जीवन की पहचान
व्यर्थ बाहकर न करें अब इसका नुकसान।"

## पानी के व्यर्थ उपयोग पर रोकथाम

पानी हम सभी प्राणियों के जीवन में एक अहम भूमिका निभाता हैं। आज मनुष्य जल को लेकर बहुत लापरवाह हैं मनुष्य को अपने अलावा किसी और की कोई फिक्र नहीं होती हैं। हमने जितनी भी नयी नयी खोजे की हैं, नये नये आविष्कार किये हैं उससे भी कई ज्यादा हमने अपने संसाधनों का बुरी तरह से दुरुपयोग भी किया है और इससे केवल हमारी ही हानि नहीं हुई है बल्कि जितने भी जीव जंतु इस पृथ्वी पर निवास कर रहे हैं। सभी के अस्तित्व को हमने अपने लोभ के लिये विलुप्तिकरण की ओर पहुंचा दिया हैं। अभी वक्त है जल को बचाया जाये जिससे जल की समस्या का समाधान हो सके।



हेमनारायण गजबल्ला
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत कांकेर

## जल है तो कल है...

जीवन एवं सृष्टि का प्रारम्भ ही जल है। वर्तमान स्थिति में मेरी राय में वह स्थिति है कि यदि जागरूक होकर सावधानीपूर्वक जल स्त्रोंतों का उपयोग करें तो भविष्य की विकराल स्थिति से बचा जा सकता है। सघन वृक्षारोपण एवं रोपित वृक्षों को संरक्षित कर उपवन में परिवर्तित करने में यदि हम सफल होते तभी वृक्षारोपण जलवायु को प्रभावित कर वर्षा कराने में सहायक होगी, छोटे-बड़े नालों में स्टॉपडेम निर्माण जल संग्रहण कर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगी, रहवासी क्षेत्र चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो अथवा शहरी क्षेत्र गलियॉ में किये जाने वाला कांक्रीटीकरण भूजल स्तर को प्रभावित करता है।



संजय सिन्हा
जिलाध्यक्ष
भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, कांकेर

## जल बचाओ, जीवन बचाओं

वर्तमान परिदृश्य में यदि हम देखें तो आम आदमी की महती आवश्यकताओं में जल का स्थान सर्वोच्च रूप में दिखाई देता है, देश और प्रदेश की स्थितियों का आंकलन आम आदमी जल की उपयोगिता को समझ पा रहे है, पानी मनुष्य की पैदाईश से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन में अहम भूमिका निभाता है, फिर भी उसकी उपयोगिता के संबंध में उसकी उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण आज चारों तरफ पानी की कमी का अहसास दिखाई देने लगा है, यदि इसी प्रकार की स्थिति लम्बे समय तक रहती है तो निश्चित ही आने वाले समय में पानी के लिए ही युद्ध हुआ करेंगे। नगरवासियों को पानी के संचय के लिए अपने-अपने घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करना चाहिए, जिससे छत के ऊपर का पानी धीरे-धीरे जमीन के अंदर चले जाए जिससे जल सतह बना रहे।



डॉ. देवेन्द्र साहू
जिला संयोजक भाजपा आईटी सेल
एवं जिला सह मीडिया प्रभारी कांकेर

## जल का संचय करें

पानी आम जन-जीवन की सबसे जरूरतमंद चीज है, आज जनजीवन को उपलब्ध होना चाहिए, मानव शरीर का 75 प्रतिशत भाग जल ही है पर्याप्त जल के बिना शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं हो सकता, मनुष्य एक दिन भी पानी के बिना नहीं रह सकता, जिन ग्रहों में पानी नहीं है वहां जीवन नहीं है, पानी अमूल्य है और इसका न होना या कम होना विकराल समस्या है, पानी की खपत कम करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सभी को प्रयास करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि घरों में उपयोग कम से कम करें, बच्चे नासमझ होते है, उन्हें सिखाना बड़ों का कर्त्तव्य है, बच्चों द्वारा पानी के दुरूपयोग के लिए पालक दोषी है, उन्हे ऐसी शिक्षा देना चाहिए कि पानी की बचत बचपन से ही करें।



संजु गोपाल साहू
उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नरहरपुर
जिला महामंत्री भाजयुमो कांकेर

## पानी का दुरूपयोग न करें...

वर्तमान परिदृश्य में यदि हम देखें तो आम आदमी की महती आवश्यकताओं में जल का स्थान सर्वोच्च रूप में दिखार्दय देता है, देश और प्रदेश की स्थितियों का आंकलन आम आदमी जल की उपयोगिता को समझ पा रहे है, पानी मनुष्य की पैदाईश से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन में अहम भूमिका निभाता है, फिर भी उसकी उपयोगिता के संबंध में उसकी उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण आज चारों तरफ पानी की कमी का अहसास दिखाई देने लगा है, यदि इसी प्रकार की स्थिति लम्बे समय तक रहती है तो निश्चित ही आने वाल समय में पानी के लिए ही युद्ध हुआ करेंगे, नगरवासियों को पानी के संचय के लिए अपने-अपने घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करना चाहिए।



अंशु शुक्ला
जिला महामंत्री
भाजयुमो, कांकेर

## पानी संचय के लिए जागरूकता जरूरी

जीवन एवं सृष्टि का प्रारम्भ ही जल है, वर्तमान स्थिति में मेरी राय में वह स्थिति है कि यदि जागरूक होकर सावधानीपूर्वक जल स्त्रोतों का उपयोग करें तो भविष्य की विकराल स्थिति से बचा जा सकता है, सघन वृक्षारोपण एवं रोपित वृक्षों को संरक्षित कर उपवन में परिवर्तित करने में यदि हम सफल होते तभी वृक्षारोपण जलवायु को प्रभावित कर वर्षा कराने में सहायक होगी, छोटे-बड़े नालों में स्टॉपडेम निर्माण जल संग्रहण कर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगी, रहवासी क्षेत्र चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो अथवा शहरी क्षेत्र गलियॉ में किये जाने वाला कांक्रीटीकरण भूजल स्तर को प्रभावित करता है। अतः गलियों में फ्रीकास्ट सीमेंट ब्लॉक से इंटरलाकिंग कर बरसाती पानी को जमीन में रिसने का अवसर प्रदान करें, पुराने तालाबों को साफ करने से भी भूजल स्तर बढ़ाया जा सकता है।



श्रीमती सुरेखा नेताम
सरपंच ग्राम पंचायत बेवरती
जिला कांकेर

## जल का व्यर्थ उपयोग करने पर रोकथाम जरूरी

पानी आम जनजीवन की सबसे जरूरतमंद चजी है, आम जनजीवन को उपलब्ध होना चाहिए, मानव शरीर का 75 प्रतिशत भाग जल ही है पर्याप्त जल के बिना शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं हो सकता, मनुष्य एक दिन भी पानी के बिना नहीं रह सकता, पानी क बिना मनुष्य की मृत्यु हो सकती है। जिन ग्रहों में पानी नहीं है वहां जीवन नहीं है, पानी अमूल्य है और इसका न होना या कम होना विकराल समस्या है, पानी की खपत कम करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सभी को प्रयास करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि घरों में उपयोग कम से कम करें, बच्चे नासमझ होते है, उन्हें सिखाना बड़ों का कर्त्तव्य है, बच्चों द्वारा पानी के दुरूपयोग के लिए पालक दोषी है, उन्हे ऐसी शिक्षा देना चाहिए कि पानी की बचत बचपन से ही करें।



पीयूष वलेचा
महामंत्री
भाजपा युवा मोर्चा, कांकेर

## जल की उपयोगिता को समझे...

पानी के संचय के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है, हर वर्ग के लोगों को पानी के दुरूपयोग को रोकने हेतु हर संभव प्रयास करना चाहिए, जब भी कोई पानी का उपयोग करता है तो उसे सोचना चाहिए कि कहीं पानी का दुरूपयोग तो नही हो रहा है, अगर जन सामान्य इस पर गंभीरता से विचार नहीं करेगा तो आने वाले समय में सरकारी तंत्र के प्रवास ही समस्या को दूर करने में काफी नहीं होगा, यह एक जन समस्या है। अतः इसे दूर करने में जन भागीदारी की जरूरत सबसे ज्यादा है, पानी बचाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग होना चाहिए, घरों में उपयोग कम करना चाहिए, जंगलों को नष्ट होने से बचाना चाहिए, वृक्षों के जड़ों के सहारे पानी जमीन में जाकर संचित होता है, लोगों की मानसिकता है ताजा पानी, लोग दूसरे दिन पहले दिन के बचे पानी को फेंके ना इसे संचित कर के रखें।



आनंद चौरसिया
पार्षद
राजापारा, कांकेर

## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक



**दरभा।** आगामी लोक सभा चुनाव एवं होली त्यौहार को देखते हुए बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशलूर विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दरभा केशरी लाल साहू एवं चौकी प्रभारी रामविलास नेगी कामानार के द्वारा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सरपंच, कोटवार, पटेल को थाना चौकी परिसर में बुलाकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु विस्तृत चर्चा कर आवश्यक समझाईश दी गई। इसके साथ ही क्षेत्र में होने वाले छोटी बड़ी घटनाओं के विषय तत्काल सूचित करने की बात कही गई। इस शांति समिति की बैठक में प्रभारियों के अलावा समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

### कुलपति ने किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुई। विश्वविद्यालय के कालीपुर स्थित परिसर के तीनों भवनों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस दौरान कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव और कुलसचिव अभिषेक बाजपेयी ने परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर निरीक्षण किया। इस बार विश्वविद्यालय ने 9 विषयों के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित की।

### महुआ बीनने में अब नहीं लगेगा श्रम



**दंतेवाड़ा।** वर्तमान में पूरे बस्तर के वनांचल क्षेत्र महुए की मादक गंध से महक रहे है। सीजन में पूरा का पूरा परिवार ही महुआ वृक्ष के नीचे महुआ एकत्रित करने में जुटा रहता है, परन्तु अब राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से महिला समूहों को महुआ नेट प्रदाय कर इस कार्य को सरल बनाया जा रहा है। इस क्रम में जिला दन्तेवाड़ा से 25 किलोमीटर दूर पर स्थित ग्राम मैलावाड़ा में कुल 33 समूह में से 10 समूहों के 50 सदस्यों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान जनपद पंचायत कुआकोंडा के तहत महुआ नेट दिया गया है।

### शासकीय व अशासकीय कैलेण्डर तत्काल हटाने के निर्देश

**बीजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुख को अपने कार्यालय एवं वेबसाईट से जनप्रतिनिधियों के फोटोग्राफ्स तथा जनप्रतिनिधियुक्त फोटो वाले शासकीय व अशासकीय कैलेण्डर तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं।

## कार्यक्रम : कुपोषण और एनिमिया सहित कई बीमारियों की जानकारी दी

# सिलीबहार के राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा में सेहत और भोजन की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर





पहाड़ी दूरस्थ अंचल ग्राम सिलीबहार में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया। गुरुवार को सेक्टर हाटकर्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनेली के मिनी आंगनवाड़ी केंद्र सिलीबहार में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पटेल भोंदू राम पटेल एवं अध्यक्षता खिलानंद ठाकुर प्रधान पाठक सिलीबहार रहें। व सरस्वती अमिला तथा जिला पोषण समन्वयक दीपक गोजे एवं सेक्टर पर्यवेक्षक अनुसूईया साहू तथा पंचायत के सभी कार्यकर्ता एवं माताएं उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत में सेक्टर पर्यवेक्षक अनुसूईया साहू द्वारा कार्यक्रम के रूपरेखा के बारे में बताया गया कि यह कार्यक्रम पोषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा 15 मार्च से 23 मार्च 2024 तक दैनिक गतिविधियों का कैलेंडर अनुसार प्रतिदिन सभी आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुपोषण एनीमिया के स्तर में कमी लाना एवं व्यक्तिगत समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य पोषण शिक्षा देकर व्यवहार में परिवर्तन लाना है तथा ग्राम स्वच्छता पोषण दिवस के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करना ताकि कुपोषण एनीमिया में कमी लाया जा सके जिला पोषण समन्वयक दीपक गोजे के द्वारा जिले में चलाए जा रहे सी सेम कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत कुपोषित बच्चों के लिए सी सेम कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें समुदाय स्तर पर बच्चों को सुपोषित करने का प्रयास किया जा रहा है। सही पोषण वृद्धि निगरानी हर माह सभी बच्चों का वजन लेकर एवं गंभीर कुपोषित बच्चों का प्रति सप्ताह सही वजन ऊंचाई मेपिंग कर माता को स्वास्थ्य पोषण की शिक्षा दिए जाना ताकि कुपोषण को दूर करने का प्रयास किया जा सके तथा स्थानीय साक सब्जियों का उपयोग एवं पोषण पुनर्वास के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया इसी क्रम में ग्राम पटेल द्वारा उपस्थित माता को शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया गया। भोंदू राम पटेल व खिलावन ठाकुर प्रधान पाठक द्वारा जीवन में शिक्षा का महत्व एवं नशा मुक्ति के संबंध में माता को जानकारी दिया गया। तथा हीरामणि पाल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता धनेली 1 के द्वारा स्थानीय साग सब्जियों फलों का उपयोग हमारे प्रतिदिन के दिनचर्या में कैसे किया जाना है। विभिन्न प्रकार के भाजियों का उपयोग करने के संबंध में माताओ को गोंडी भाषा में जानकारी दी गई। एवं उपस्थित समुदाय के द्वारा गांव को सुपोषित बनाने के लिए सुपोषण संकल्प शपथ लिया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जमुना ,आशी,जागेश्वरी सनाय दुग्गा एवं समूह की महिलाएं और मितानिन उपस्थिति रही।

## रामपुर जुनवानी प्राचीन मंदिर पहुँचे विधायक ने ग्रामीणों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम रामपुर जुनवानी के प्राचीन काल राम मंदिर में विधायक आशाराम नेताम पहुंचे और पूजा अर्चना किया, साथ ही विधायक ने ग्रामीणो से चर्चा भी किया।

ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान विधायक आशाराम नेताम को बताया कि यह प्राचीनकाल मंदिर अयोध्या के मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, मॉ सीता एवं लक्ष्मण के 14 वर्ष का वनवास के दौरान कुछ समय के लिए रामपुर जुनवानी में जाते-जाते विश्राम किया गया था, जिसकी चरण पादुका आज भी इस प्राचीन काल मंदिर में हैं, वही गांव वालों का कहना है कि भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता भगवान विष्णु की सुंदर चतर्भुजी मूर्ति की पूजा अर्चना किया था। भगवान विष्णु की 12 अवतार की मूर्ति आज से लगभग कई वर्ष पहले गांव वालों को तालाब में मिला था, जिसकी स्थापना भी गांव वालों ने उसी प्राचीन मंदिर में किया है। भगवान विष्णु की मूर्ति समय के साथ साथ बढ़ती जा रही है, जो मूर्ति आधा फीट की प्राचीन काल में मिला था वह मूर्ति आज लगभग 4 फीट बढ़ गया है। रामपुर जुनवानी में प्रतिदिन बड़ी तादाद में भक्त पहुंच कर पूजा अर्चना करते हैं। विधायक ने आश्वासन दिया कि इस मंदिर के लिए जो भी जब जरूरत हो, मुझे बताएं, उसका निराकरण किया जाएगा।

### बाबा बगरूम देव का दो दिनी मेला आज से

**दसपुर।** ग्राम दसपुर के बाबा बगरूम देव का दो दिवसीय वार्षिक देव मेला का आयोजन 22 मार्च से किया जा रहा है। मेला के मौके पर रात में भूपेश प्रकाश छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी चारामा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ईश्वर सोनकर, विजय कुमार साहू ने दिया है।

## रंग न खेलने वालों की भावनाओं का करें सम्मान

दो से अधिक सवारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर हरिस.एस के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिला सुकमा में होली का त्यौहार शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाये। सुकमा शहर में होलिका दहन प्रमुख रूप से मिनी स्टेडियम, माहेश्वरी पारा, साप्ताहिक बाजार पारा, पटनमपारा दैवी चौक, पावारास, कुम्हाररास के पास किया जाता है। इन स्थानों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त सुरक्षा बल लगाने को कहा। साथ ही होलिका दहन के दिन फ्लैग मार्च का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। होली खेलते समय ध्यान रखे कि रंग गुलाल बिना सहमति के किसी भी व्यक्ति पर ना डालें। यदि उनके द्वारा रंग गुलाल नहीं खेलने का अनुरोध करते है, तो उनकी भावना का सम्मान किया जाए। नशे की हालत में दो पहिया या चार पहिया वाहन ना चलायें। दो पहिया वाहन में दो से अधिक सवारी ना बिठाए और ना ही तेज गति से चलायें, इसका विषेश ध्यान रखा जाए। साथ ही होलिका दहन किसी हरे-भरे वृक्ष के नीचे, बिजली तार के नीचे, गौरव पथ, एनएच-30 मार्ग पर ना जलाया जाए।

इस संबंध में सदस्यों को अवगत कराया गया कि गौरव पथ की सुंदरता को बनाये रखने के लिए गौरव पथ पर होलिका दहन ना करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ लक्ष्मण तिवारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संस्था के पदाधिकारीगण, अधिकारीगण, पत्रकारगण उपस्थित थे। साथ ही होलिका दहन के दिन वाहनों के अलावा बॉटल, केन, डब्बा में पेट्रोल व डीजल नहीं देने के लिए निर्देशित करने को कहा। बैठक में होलिका दहन एवं रंग उत्सव के दिन शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस व्यवस्था करने को कहा। जिला अस्पताल में पुलिस की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये गये। जिला सेनानी नगर सेना सुकमा द्वारा शबरी नदी धोबी घाट, पावारास घाट एवं शबरी नगर सीआरपीएफ कैम्प के पास नगर सैनिक की टीम तैनात किया जाना सुनिश्चित करने को कहा। जिला सेनानी, नगर सेना सुकमा द्वारा आगजनी अथवा अन्य किसी भी घटना को देखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम सुकमा में फायर ब्रिगेड वाहन, वाहन चालक एवं टीम के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को 24 घंटे डॉक्टरों की ड्यूटी मय एम्बुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने निर्देशित किया।

## लोकसभा के प्रत्येक बूथ की मजबूती से ही 370 का लक्ष्य पूरा होगा : अजय जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भारतीय जनता पार्टी विधानसभा कांकेर के कोर कमेटी की बैठक भाजपा कार्यालय कमल सदन में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल व संगठन महामंत्री पवन साय ने लिया। कोर कमेटी की बैठक में प्रमुख रूप से लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग भी उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने चुनावी तैयारी की जानकारी ली । उन्होने कहा कि हमें बूथ की मजबूती के लिए कार्य करना है। मेरा बूथ मेरा परिवार की धारणा के साथ बूथ के लोगों के सुख दुख में हमेशा शामिल होना है । काश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए हमारे प्रेरणास्त्रोत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना जीवन बलिदान कर दिया। भाजपा ने भारत में चुनाव की शुरूआती दौर से ही इस धारा को खत्म करने के लिए अपने घोषणा पत्र मे स्थान देती आई, जब केन्द्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार आई तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने एक झटके में कश्मीर से इस नासूर को खत्म कर दिया, इसलिए 370 हमारे लिए सिर्फ एक नम्बर नही बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ा एक प्रावधान था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 को जन-जन तक याद दिलाने लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ में 370 अधिक वोट व पूरे देश में 370 सीटों का लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी को दिया है । हमें इसी लक्ष्य को पूरा करने बूथ स्तर पर कार्य करना है। बूथ में जब तक हम पूरी ताकत नहीं झोंकेंगे इस लक्ष्य को पूरा नही कर पायेंगे । पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार की ही गूंज है । कांकेर लोकसभा हम भारी वोटों से जीतेंगे ।

भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि चुनाव में सभी विभागों का समन्वय व आपस में तालमेल जीत दिलाता है । भाजपा ने अपनी तैयारी विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद प्रारंभ कर दी थी, इसलिए हमें जनता के बीच जाने का पर्याप्त समय मिला है । छग की सभी 11 सीटों पर हमारे प्रत्याशी घोषित हो चुके है, इसलिए हम चुनाव में कांग्रेस के आगे है । चुनाव की दृष्टि से भाजपा द्वारा जो विभाग बनाए गए है, उनको चुनावी मैदान में पूरी तैयारी से उतरना होगा। जनता ने अभी विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी जनादेश दिया है और लोकसभा में भी सभी 11 सीटों पर जनता का आशीर्वाद मिलेगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने व आभार प्रदर्शन राजीव लोचन सिंह ने किया।

आयोजित बैठक में विधायक आशाराम नेताम, भरत मटियारा, सतीश लाटिया, सुमित्रा मारकोले, तारा ठाकुर, देवेन्द्र भाउ, हीरा मरकाम, राजा देवनानी, डॉ देवेन्द्र साहू, भूपेन्द्र नाग, टेकेश्वर जैन, दीपक खटवानी, पंचू नायक, यशवंत सुरोजिया, संजय सिन्हा, मोती नाग सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## नेहरू युवा केंद्र ने चलाया मतदाता एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



नेहरू युवा केन्द्र कांकेर द्वारा माध्यमिक विद्यालय रतेसरा के बच्चों ने चित्रकला के साथ स्लोगन प्रतियोगिता कर मतदाता एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने एवं ग्राम को पूर्णतः स्वच्छ कर स्वस्थ्य जीवन शैली का संदेश दिया।

देवेन्द्र सिन्हा ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र कांकेर द्वारा युवा गोठ कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को जलवायु,ऊर्जा, पर्यावरण, जल और ओडीएफ प्लस की उपयोगिता महत्व को बताना है। प्रधानमंत्री के पंचामृत संदेश को बताया गया जो कि जलवायु के जटिल समस्याओं का हल करेगा।

बच्चों को स्वच्छता ही सेवा, कचरे से कंचन, शौचालय का नियमित उपयोग, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं समृद्धि, अपशिष्ट पदार्थ का प्रबंधन, प्लास्टिक से दूरी पर्यावरण के लिए जरूरी, घरो से निकले पानी का उचित प्रबन्धन को अपने व्यवहार में शामिल कर हम अपना भागीदारी सुनिश्चित करने की संकल्प दिलाया। चित्रकला के माध्यम से मतदाता जागरूकता एवं स्वच्छता जागरूकता संदेश देने वाले उत्कृष्ट छात्रों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानपाठक सीताराम सलाम, रामेश्वरी तारम, धर्मेन्द्र कुमार, उमेश साहू, होमन ठाकुर का सहयोग रहा।

## रंग-गुलाल व आकर्षक पिचारियों की दुकानें सजीं, ग्राहकों की भीड़



**चारामा।** नगर व आसपास गाँव में होली पर्व की तैयारी जोरो पर है। नगर के सदर बाजार लाईन में गुरूवार से रंगो व पिचकारी की दुकान सजने लगी हैं। दुकानो में सजते ही होली के सामान लेने व देखने के लिए लोगो की भीड़ लग रही है। दुकानदारो ने बताया कि पिछले साल 2 लाख रूपएं की होली में ब्रिकी हुई थी। इस साल दुकाने भी बढ़ गई हैं, जिससे ब्रिकी भी बढ़ जाएगी। इस साल अनुमानित 3 लाख से भी ज्यादा की ब्रिकी होने की उम्मीद बताई जा रही है। इन दुकानो में बच्चो के पसंदीदा रंग बिरंगे पिचकारी, टोपी, मास्क एवं होली के विभिन्न रंग के लाल, पिला, गुलाबी, हरा एवं केशरिया रंग के गुलाल देखने को मिल रहा हैं। इन दुकानो मे सबसे कम 40 रूपएं से लेकर अधिकतम दो हजार तक के होली के पिचकारी मिलते है। लोगो द्वारा होली पर्व पर जोरदार खरीदी ब्रिकी की जाती है।

## कलेक्टर ने किया बालक आश्रम शाला व उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा जनपद पंचायत कुआकोंडा के अरनपुर एवं समेली क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों की मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में प्रारंभिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने बालक आश्रम शाला का भी औचक निरीक्षण किया और आश्रम में शिक्षक आवास संचालित करने, सोलर लाईट लगाने तथा ट्यूबवेल खनन करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही आश्रम परिसर में बाड़ी विकास के तहत किचन गार्डन बनाने के लिए भी कहा। इसके अलावा उक्त आश्रम शाला में छात्रों की पढ़ाई को देखते हुए कम्प्यूटर एवं इंटरनेट सुविधा मुहैया कराने के भी कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया।







